प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 15.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक सौ तिहत्तर में से एक सौ छब्बीस नगरीय निकायों में जीत का परचम लहराया–कांग्रेस सिर्फ तीस नगरीय निकायों में विजय हासिल कर पाई है।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली जीत को ऐतिहासिक बताया।

3– मिर्जापुर–प्रयागराज हाइवे पर हुए सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के दस लोगों की मौत।

**और**

4– आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों द्वारा आज रेडियो किसान दिवस का किया गया आयोजन।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>नगरीय निकाय चुनाव–परिणाम–01</u>**

छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव में एक सौ तिहत्तर नगरीय निकायों में से भारतीय जनता पार्टी ने एक सौ छब्बीस और कांग्रेस ने तीस पर जीत हासिल की है। प्रदेश के जिन दस नगर पालिक निगमों में चुनाव हुए, उन सभी में महापौर पद पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जीते हैं। वहीं, उनचास नगर पालिका में से पैंतीस में भारतीय जनता पार्टी, आठ में कांग्रेस, एक में आम आदमी पार्टी और पांच में निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं, एक सौ चौदह नगर पंचायतों में से इकयासी में भाजपा और बाईस में कांग्रेस प्रत्याशी अध्यक्ष चुने गए हैं। इसके अलावा एक नगर पंचायत में बहुजन समाज पार्टी और दस में निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

**<u>नगरीय निकाय चुनाव–परिणाम–02</u>**

रायपुर नगर पालिक निगम में महापौर पद पर भारतीय जनता पार्टी की मीनल चौबे ने कांग्रेस की दीप्ति दुबे को करीब डेढ़ लाख वोटों के अंतर से हराया है। हमारे रायपुर संवाददाता अभिषेक कुमार इन चुनाव परिणामों की जानकारी दे रहे हैं।

रायपुर के पूर्व महापौर एजाज ढेबर पार्षद पद का चुनाव पंद्रह सौ से अधिक वोटों से हार गए हैं।
कोरबा नगर पालिक निगम में भी भारतीय जनता पार्टी की संजू देवी राजपूत महापौर निर्वाचित हुई हैं।

वहीं, जगदलपुर नगर पालिक निगम में महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशी संजय पांडेय जीते हैं।

बिलासपुर नगर पालिक निगम में भी भाजपा उम्मीदवार पूजा विधानी महापौर के रूप में निर्वाचित हुई हैं।

राजनांदगांव नगर पालिक निगम में भाजपा उम्मीदवार मधुसूदन यादव महपौर का चुनाव जीत गए हैं।

अंबिकापुर नगर पालिक निगम में भाजपा उम्मीदवार मंजूषा भगत ने महापौर का चुनाव जीत लिया है।

**<u>नगरीय निकाय चुनाव–परिणाम–03</u>**

इसी तरह, दुर्ग नगर पालिक निगम में भाजपा की अलका बाघमार ने कांग्रेस की प्रेमलता पोषण साहू को सड़सठ हजार से अधिक वोटों से हराकर महापौर पद पर जीत दर्ज की है।

इसके अलावा चिरमिरी नगर पालिक निगम में भाजपा के रामनरेश राय ने कांग्रेस के विनय जायसवाल को पांच हजार छह सौ से अधिक वोटों से हराया है।

वहीं, धमतरी नगर पालिक निगम में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामू रोहरा ने जीत दर्ज की है।

रायगढ़ नगर निगम में भाजपा के जीवर्धन चौहान महापौर चुने गए हैं। उन्होंने कांग्रेस की जानकी काटजू को करीब चौंतीस हजार मतों से हराया है। यहां अड़तालीस वार्डों में से तैंतीस पर भाजपा, बारह में कांग्रेस, एक वार्ड में बहुजन समाज पार्टी और दो वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार पार्षद के रूप में चुने गए हैं।

**निकाय चुनाव–प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत को ऐतिहासिक सफलता बताया है।

वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने इस जीत का श्रेय प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन, मोदी की गारंटी और पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया।

दूसरी ओर, कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस, जनता के निर्णय को स्वीकार करती है।

**दुर्घटना**

उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर–प्रयागराज हाइवे पर बीती रात हुए एक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के दस लोगों की मौत हो गई है। जबकि, उन्नीस अन्य लोग घायल हो गए हैं।

**रेडियो किसान दिवस**

आज आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों द्वारा रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा रायपुर जिले के तिल्दा विकासखंड में स्थित ग्राम नीनवा में आज रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने किसानों को नैनो उर्वरक के साथ ही उद्यानिकी, मत्स्यपालन और पशुपालन से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में आकाशवाणी रायपुर के सहायक निदेशक और कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम, पूर्व उपनिदेशक लखनलाल भौर्य और किसानवाणी प्रभारी शशि प्रकाश पांडेय सहित अन्य अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित थे।

वहीं, आकाशवाणी के बिलासपुर केन्द्र द्वारा भी आकाशवाणी परिसर में रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रमुख और किसानवाणी प्रभारी डॉक्टर सुप्रिया भारतीयन ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>